# ARGUMENT

**निर्देशः (प्रश्न 1–10)**

महत्वपूर्ण प्रश्नों के विषय में निर्णय करते समय ठोस तर्क और निर्बल प्रभेद कर सकना वांछनीय है। ठोस तर्क महत्वपूर्ण और प्रश्न से सीधे संबंधित होने चाहिए। निर्बल तर्क प्रश्न के सीधे संबंधित नहीं हो सकते है और कम महत्वपूर्ण हो सकते हैं और प्रश्न के नगण्य पक्ष से संबंधित हो सकते हैं।

**नीचे दिए गए प्रत्येक प्रश्न के बाद दो तर्क I और II दिए गए हैं। आपको तय करना हैं कि कौन-सा तर्क ठोस तर्क है और कौन-सा निर्बल तर्क है।**

उत्तर (1) दीजिये अगर तर्क I ठोस हो।
उत्तर (2) दीजिये अगर तर्क II ठोस हो।
उत्तर (3) दीजिये यदि या तो तर्क I या तर्क II ठोस हो।
उत्तर (4) दीजिये यदि न तो तर्क I न ही तर्क II ठोस हो।
उत्तर (5) दीजिए यदि तर्क I और II दोनों ठोस हों।

1. कथनः क्या स्नातकीयकरण को किस भी सरकारी क्षेत्र के संगठन में प्रवेश स्तर की नौकरियों के लिए न्यूनतम शैक्षिक अर्हता बनाया जाना चाहिए।

   तर्कः I. हां, अपनी उच्च स्तरीय शिक्षा के आधार पर गैर-स्नातकों के मुकाबले स्नातकों का निष्पादन अच्छा होता है।

   II. नहीं, ऐसे कई लोग हैं जो अपना स्नातकीकरण पूरा करने तक बेरोजगार नहीं रह सकते हैं और स्नातक उम्मीदवारों के समान अच्छे कार्य निष्पादन के लिए समर्थ होते हैं।

2. कथनः क्या महाविद्यालय की सभी परीक्षाओं से संबद्ध परीक्षा निकायों को कैल्क्यूलेटरों के उपयोग की अनुमति देनी चाहिए?

   तर्कः I. नहीं, यह जरूरी है कि अपनी संकल्पनाओं को स्पष्ट करने के लिए विद्यार्थियों को मैनुअल गणना की पद्धतियों का ज्ञान हों।

   II. हां, सभी क्षेत्रों में कम्प्यूटरों को व्यापक उपयोग के साथ मैनुअल गणनाओं की अब आवश्यकता नहीं है।

3. कथनः क्या, सार्वजनिक क्षेत्र के संगठनों के सभी कर्मचारियों के लिए हिन्दी भाषा का ज्ञान अनिवार्य बनाया जाना चाहिए?

   तर्कः I. हां, शैक्षिक रूप से समाज के पिछड़े तबके के लोगों के साथ व्यवहार में यह जरूरी है।

   II. नहीं, सभी कर्मचारियों के लिए हिन्दी भाषा का ज्ञान होना जरूरी नहीं है।

4. कथनः क्या सभी क्षेत्र के सभी संगठनों के लिए, सामाजिक रूप से पिछड़े वर्गों के लिए कोटा का आरक्षण अनिवार्य बनाना चाहिए?

   तर्कः I. नहीं, निजी क्षेत्र के संगठन सरकारी नियमों द्वारा अभिशासित नहीं होने चाहिए।

   II. हां, निजी क्षेत्र के संगठनों को भी सामाजिक रूप से पिछड़े वर्गों के उत्थान में योगदान देना चाहिए।

5. कथनः क्या, बलात्कार और यौन उत्पीड़न की बढ़ती हुई घटनाओं के कारण महिलाओं को रात को अकेले यात्रा नहीं करने की सलाह दी जानी चाहिए?

   तर्कः I. नहीं, इसके बजाय सरकार को ऐसी घटनाओं के नियंत्रण के उपाय करने चाहिए।

   II. हां, पुलिस विभाग के लिए भी ऐसी घटनाओं पर नियंत्रण रखना मुश्किल है।

6. कथनः क्या भारत में माता-पिता को वर्तमान में दो या कई बच्चों के मुकाबले भविष्य में एक के लिए ही बाध्य किया जाना चाहिए?

   तर्कः I. हां, भारत की सदैव बढ़ती रहने वाली जनसंख्या को नियंत्रित करने का यही एकमात्र तरीका है।

   II. नहीं, इस तरह की दबाव डालने की युक्ति विश्व में कोई भी देशनहीं अपनाता है।

7. कथनः क्या गर्भावस्था में दौरान लिंग निर्धारण परीक्षण पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगा दिया जाना चाहिए?

   तर्कः I. हां, इससे मादा भ्रूण की अंधाधुध हत्या होती है और अंततः सामाजिक असंतुलन होगा।

   II. नहीं, लोगों को उनके अजन्में बच्चों के बारें में जानने का अधिकार है।

8. कथनः क्या बड़े शहरों की सभी झुग्गी झोंपड़ियों को गिरा दिया जाना चाहिए और इनमें रहने वाले लोगों को शहर की सीमा के बाहर बसाया जाना चाहिए?

   तर्कः I. नहीं, ऐसे सब लोगों को घर और जीविका नष्ट हो जाएगी इसलिए उन्हें नई जगह नहीं बसाया जाना चाहिए।

   II. हां, बड़े शहरों को विकासात्मक गतिविधियां चलाने के लिए बहुत ज्यादा जगह की जरूरत है इसलिए इन झोंड़ियों को हटा दिया जाना चाहिए।

9. कथनः क्या भारत में कोयला खनन पर पूर्ण प्रतिबंध लग जाना चाहिए?

तर्क: I. हां, यदि मौजूदा रफ्तार से खनन कार्य चलता रहा तो कोयले का वर्तमान भंडार अधिक दिन नहीं रहेगा।
II. नहीं, हमारे पास वैकल्पिक ऊर्जा स्रोत पर्याप्त मात्रा में नहीं है।

10. कथन: क्या भारत में महाविद्यालयों के विद्यार्थियों को विद्यालयों की तरह वर्दी होनी चाहिए?

तर्क: I. हां, इससे महाविद्यालयों का परिवेश सुधर जाएगा क्योंकि सभी विद्यार्थियों ने परिधान बेहतर ढ़ंग से पहने होंगे।
II. नहीं, महाविद्यालीय विद्यार्थियों को अनुशासनबद्ध नहीं किया जाना चाहिए और उन्हें मनपंसद कपड़े पहन कर कालेज आने की छूट होनी चाहिए।

**Argument**

**1.** (a)
**2.** (d)
**3.** (e)
**4.** (b)
**5.** (a)
**6.** (d)
**7.** (a)
**8.** (a)
**9.** (d)
**10.** (a)

EduBull.com